Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 16-01-2022 अंक 116

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### बाइक के चपेट में आने से वृद्ध महिला हुई घायल

**अपेम लाइवः बरही**

बरही थाना अंतर्गत हज़ारीबाग़ रोड में ब्लॉक गेट के सामने मोसोमात मीना उम्र 50 वर्ष पति स्व रंजीत रविदास बराटांड़ निवासी बाइक के चपेट में आने से श. अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।



घायल महिला

## जवाहर घाट के पहाड़ से काटकर मरा पत्थर से बनाया जा रहा है एन एच 31 का फोरलेन सड़क !

### विधायक प्रतिनिधि ने विभागीय मंत्री को लिखा पत्र, उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग

**अपेम लाइव टीम : बरही**



बिनोद यादव
विधायक प्रतिनिधि
( बरही विधान सभा)



सड़क निर्माण में लगाया जा रहा मरा हुआ पत्थर



मो0 तौकिर रजा
विधायक प्रतिनिधि
वन एवं पर्यावरण विभाग



सड़क निर्माण में लगाया जा रहा मरा हुआ पत्थर

बरही चौक तीन तीन एनएच का संगम है। बरही चौक से ही एनएच 31 भी गुजरता है। जिसका फोरलेन कर चौडीकरण किया जा रहा है। बरही चौक से कोडरमा तक फोरलेन सड़क बनाई जा रही है। सड़क बनाने की जिम्मेवारी आर के कंस्ट्रक्शन को दी गई है। लेकिन सड़क बनाने वाली कंपनी नियम को ताक पर रखकर सड़क बना रही है। प्राक्कलन के अनुसार सड़क का निर्माण नही किया जा रहा है। एन एचएआई के द्वारा सड़क निर्माण के लिए बनाई गई इस्टीमेट के अनुसार जीएसबी यानी दानेदार सामग्री में पत्थर का उपयोग खादान से निकला हुआ पत्थर के टुकड़े का किया जाना है। जबकि खुले तौर पर जवाहर घाट स्थित पहाड़ी का मरा हुआ पत्थर का उपयोग जीएसबी के रूप में किया जा रहा है। स्टोन डस्ट के स्थान पर मिट्टी को लगाया जा रहा है। भरई 40 एमएम, 20 एमएम एवं 10 एमएम के अनुपात में होनीं चाहिए। लेकिन कंपनी के द्वारा अपने मन मुताबिक भरई का काम किया जा रहा है। सबसे हैरत की बात है कि साइट पर कोई अभियंता नजर नही आते है। मजदूरों से पूछे जाने पर किसी तरह का कोई जबाब नही मिलता। वैसे तो कई जन प्रति. निधि कंपनी से निजी स्वार्थ में लिप्त नजर आते हैं। यही वजह है कि कम्पनी के द्वारा बरती जा रही अनियमितता एवं घटिया काम के खिलाफ कोई आवाज नही उठता है। लेकिन बरही विधायक उमाशंकर अकेला के विधान सभा के विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव ने आवाज उठाया है। कंपनी के द्वारा सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितता को लेकर विभागीय मंत्री एवं एनएचएआई को भी पत्राचार किया है। लेकिन उसके बाद भी कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ किसी तरह का कोई एक्शन नही लिया गया है। बिनोद यादव ने बताया कि आरके कंस्ट्रक्शन कंपनी न केवल निर्माण कार्य मे अनियमितता बरत रही है। बल्कि सुरक्षा के साथ भी खिलवाड कर रही है। पहाड़ी का मरा हुआ पत्थर से सड़क बनाकर सरकार को करोड़ो रूपये की चुना लगा रही है। बिना सुरक्षा घेरे के पहाड़ को विस्फोटक सामग्री से पत्थर तोड़ रही है। जिससे कभी भी अनहोनी घटना घट सकती है। कहा कि 200 एमएम लेयर के स्थान पर 150 से 175 एमएम का लेयर दिया जा रहा है। हर दृष्टिकोण से अनियमितता बरती जा रही है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। वही आर के कॉन्सट्रक्शन के साइट इंचार्ज आशीष कुमार मरा हुआ पत्थर को देख कर भी कहते है कि हम सड़क निर्माण में पहाड़ी पत्थर को नही बल्कि खदान से निकाल कर लाया गया पत्थर से सड़क बना रहे है। जबकि तस्वीरे खुद बयां कर रही है कि सड़क निर्माण में लगाए जा रहे पत्थर पहाड़ से निकला हुआ मरा हुआ पत्थर ही है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक के वन एवं पर्यावरण प्रतिनिधि मो तौकीर रजा ने कहा कि इस कंपनी के द्वारा वन एवं पर्यावरण को नष्ट किया जा रहा है।इसकी भी जांच होनी चाहिए। स्थानीय लोग भी अब कंपनी द्वारा बनाई जा रही सडक में धटिया सामग्री लगाने के लिए विरोध करना शुरू कर दिया है।

## आज का पंचांङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---17.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
सौम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---शिशिर
माहः---पौष
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---पूर्णिमा तिथि
दिनः---सोमवार
नक्षत्रः---पुनर्विसु नक्षत्र
योगः---वैधृति
करणः---सा
सूर्योदय :---प्रातः 06:42
सूर्यास्त : संध्या 05:18
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---मिथुन राशि मे
आज का राहूकाल प्रातः ---07:30 बजे से प्रातः-09:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः-आज पूर्णिमा तिथि है आज स्नान दान के साथ सत्यनरायण भग. वान की कथा सुनने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होता है।



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

दारोगा लालजी यादव को न्याय दिलाने के लिए आज राज्यपाल महोदय से मुलाकात किया और उन्हें ज्ञापन सौंपा. प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आदरणीय शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी ने किया.साथ में बरही के पूर्व विधायक माननीय मनोज कुमार यादव जी, झारखंड सरकार की पूर्व शिक्षा मंत्री आदरणीय नीरा यादव जी, भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय जी एवं लालजी यादव के भाई संजीव यादव जी मौजूद रहे। महामहिम ने न्याय दिलाने का भरोसा दिया है।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सेवा बस्ती सबरी नगर भुइयाँ टोली में खेल खुद प्रतियोगिता का आयोजन,

### आरएसएस ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया सम्मानित व पुरस्कृत

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**


बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करते आरएसएस के लोग


बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करते आरएसएस के लोग

सेवा सप्ताह समापन के सातवें दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बरही शाखा की ओर से निर्धारित दोनों सेवा बस्ती में हर्षोल्लास के साथ बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। शबरी नगर भुइयां टोली में मुख्य अतिथि सुरेंद्र रजक के कर कमलों से प्रतिभागी बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण हुआ।अपने सारगर्भित संबोधन के क्रम में श्री रजक ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से छिपी हुई बच्चों के बीच प्रतिभा को आगे बढ़ाने में प्रोत्साहन मिलता है।बच्चें ही देश के भविष्य हैं आज उसकी झलक दिख रही है।साथ ही ऐसे कार्यक्रम से हिन्दु समाज में समरसता का झलक प्रगाढ़ दिखता है। रामनगर अफीम कोठी में मुख्य अतिथि रवि कुमार गुप्ता (पुस्तक भंडार) के कर कमलों से पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्री गुप्ता जी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम मन को आनंदित करने वाला है। यह बार-बार करते रहना चाहिए जिससे बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलता रहे । साथ ही अति अति सामान्य जन में अच्छे संस्कार का बीजारोपण होता रहे। उपरोक्त दोनों स्थानों पर बच्चों के अभिभावक एवं मातृशक्ति शक्ति अच्छी संख्या में अपने ही मोहल्ले में अपने बच्चों को पुरस्कृत होते हुए देखकर अभिभूत हुए । संघ सदैव ऐसे अने. काविध सेवाकार्य अपने अतिसामान्य जनों के बीच समय-समय पर करते रहता है। जिससे विवेकानंद की युक्ति शगर्व से कहो हम हिंदू हैं श्की भाव का झलक देखने को मिलता है। मौके पर त्रिवेणी साव, नंदकिशोर कुमार, आदि लोग मौजूद थे।

## लोटवा डैम से शुरू हुआ एकल अभियान का सूर्य नमस्कार कार्यक्रम, 23 जनवरी तक चलेगा

### एकल अभियान की ओर से वनभोज का भी हुआ आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**


सूर्य नमस्कार करते एकल अभियान से जुड़े लोग

एकल अभियान की ओर से आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का शुभारंभ लोटवा डैम में आयोजित एकल वार्षिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एकल अभियान के हज़ारीबाग़ भाग अध्यक्ष अभिषेक कुमार, गौ सेवा प्रमुख राजू पांडेय ने किया। मौके पर सभी लोगों ने सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर अभिषेक कुमार ने कहा कि एकल अभियान बरही अंचल के निर्देशन में 20 लाख बार सूर्य नमस्कार करने का लक्ष्य रखा गया है। यह कार्यक्रम 16 जनवरी से 23 जनवरी तक चलेगा। राजू पांडेय ने कहा की यूं तो पूरे देश मे सूर्य नमस्कार की भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसमे एकल अभियान भी कृतिमान स्थापित करेगा। मौके पर सभी ने लिट्टी चोखा एवं खीर का आनंद उठाया। इस कार्यक्रम में अभिषेक कुमार भाग अध्यक्ष, बीरेंद्र तिवारी,नरेश प्रसाद, राजू पांडेय,ओम प्रकाश कुमार,मनोज महतो, अरविंद कुमार, दयानंद चौरसिया, कृष्णा प्रजापति, डॉक्टर भैरव अग्रवाल,कपिल महतो, नंदकिशोर, नरेश पासवान, संदीप, बिनोद, दीपक, रामनिवास, विवेक. ानंद, मोहित, प्रेम राम सहित कई एकल अभियान से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## बरही बीएसए में निःस्वार्थ भाव से सेवा दे रहे है प्रशिक्षक संतोष शर्मा

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**


संतोष शर्मा

बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन (बीएसए) के प्रशिक्षक संतोष शर्मा बरही में पिछले 5 वर्षों से क्रिकेट खिलाड़ियों को निःस्वार्थ भाव से सेवा दे रहे है। आपको बता दे कि संतोष शर्मा 2017 में बरही बीएसए से जुड़े है। जिनके जुड़ने से बरही में क्रिकेट खेल के प्रति लोकप्रियता बढ़ी है। विदित हो की इनके जुड़ते ही बरही में लड़कियों ने क्रिकेट खेलना प्रारंभ किया। साथ ही संतोष शर्मा ने बताया कि शुरुआती दौर में मात्र दो लड़कियों ने खेलना शुरू किया था और वर्तमान में लगभग 30 लड़कियाँ इस खेल से जुड़ी है । साथ ही साथ उन्होंने कहा कि बरही बीएसए से जिला स्तर पर 9 लड़कियाँ खेल चुकी है। जिसमे सोनी कुमारी जिला अंडर 19 की कप्तान भी राह चुकी है। खिलाड़ियों में सोनी कुमारी, अनामिका, अर्चना, मनीषा, रिंकी, विजेता, रिया सुधा एवं सीमा शामिल है। वहीं राज्य स्तर पर बरही से अब तक 3 लड़कियाँ राज्यस्तरीय क्रिकेट शिविर में शामिल हुई जिसमें अर्चना कुमारी, सोनी कुमारी एवं अनामिका सिंह शामिल है। वहीं उन्होंने कहा कि मेरा सपना है कि बरही की बच्चियां भी राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेले। साथ ही उन्होंने कहा की स्थानीय प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि ने मुझे भरपूर सहयोग दिया है। जिसको लेकर उन्होंने धन्यवाद ज्ञापन किया है।

## सदस्यता अभियान में शामिल हुए बरही विधायक उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**


सदस्यता अभियान मे शामिल लोग

हज़ारीबाग़ कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह के अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक रखी गई। जिसमें मुख्य रुप से दीपू कुमार सिन्हा, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, विधायक अंबा प्रसाद, जिला महासचिव विनोद कुमार यादव, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, जिलाउपाध्यक्ष डॉ निज़ामुद्दीन अंसारी, बरही प्रखंड़ अध्यक्ष इकबाल रजा, सुनील साहू, बरही कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, सदस्यता प्रभारी प्रमोद सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तोखन रविदास, पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, दीपक गुप्ता, रेवाली पासवान सहित विकाश यादव, विकाश साहू, कांग्रेस के कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## झारखण्ड प्रजापत्ति कुमार महासंघ का ब्रह्मोरिया में ग्राम स्तरीय कमेटी का गठन किया गया, नारायण प्रजापत्ति बने अध्यक्ष

**अपेम लाइवः चौपारण**





झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के बैनर तले चौपारण प्रखंड के ग्राम ब्रह्मोरिया में ग्राम स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। जिसका अध्यक्षता किशन प्रजापति एवं संच. ालन अरविंद प्रजापति व रामअवतार प्रजापति ने किया। वहीं सर्वसहमति से पुरुष वर्ग से अध्यक्ष नारायण प्रजापति उपाध्यक्ष श्री प्रजापति, अनूप प्रजापति सचिव अरविंद प्रजापति, उपसचिव महादेव प्रजापति, कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रजापति, मीडिया प्रभारी विकास प्रजापति, संरक्षक किशन प्रजापति को चयनित किया गया साथ ही महिला मोर्चा से अध्यक्षा चिंता देवी, उपाध्यक्ष सहोदरी देवी, सचिव उषा देवी, संरक्षक शांति देवी को बनाया गया साथ ही बरही प्रखंड से पर्यवेक्षक में मुख्य अतिथि देवधारी प्रजापति चौपारण प्रखंड से सक्रिय सदस्य अशोक प्रजापति, रामअवतार प्रजापति, उपेंद्र प्रजापति, उत्तम प्रजापति, विजय प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, द्वारिका प्रजापति, संजय प्रजापति, विजय प्रजापत्ति एवं गांव के अन्य लोग मौजूद थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विधायक अमित यादव ने श्रद्धांजलि दी

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



श्रद्धांजली देते विधायक अमित यादव व अन्य

बरकठ्ठा पूर्व विधायक कामरेड महेंद्र सिंह की पत्नी वर्तमान विधायक कॉमरेड विनोद सिंह की मां शांति सिंह की मृत्यु की सुचना पाकर विधायक अमित कुमार यादव अपने समर्थकों के साथ बगोदर पहुच कर विधायक विनोद सिंह से मिले व शोक सांत्वना व्यक्त की मौके पर उन्होंने स्वर्गास हुए मां शांति सिंह की मृत्यु पर श्रद्धांजलि अर्पित की उन्होंने कहा यह विडम्बना है कि आज स्व विधायक महेंद्र सिंह की शहादत दिवस के समय ही उनकी मृत्यु हुई है ज्ञात हो कि कामरेड शांति सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे उनका इलाज जनरल हॉस्पिटल बोकारो में चल रहा था ने कहा कि 16 जनवरी के ही दिन कामरेड महेंद्र सिंह की हत्या गोली मारकर कर दिया गया था। आज ही के दिन शहीद कामरेड महेंद्र सिंह की शहादत दिवस मनाया जाता रहा है मौके पर बरकठ्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, महेंद्र प्रसाद भी उपस्थित थे ।

## जरूरतमंद की सेवा करना ही लक्ष्य है- झारखण्ड नव निर्माण युवा सेना

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



बुजुर्गो को कंबल वितरण करते युवा सेना

बरकठ्ठा : कडकडाती ठंड को देखते हुए मकर संक्रांति के अवसर पर झारखंड नवनिर्माण युवा सेना के द्वारा जरूरतमंदो बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया किया जिस निमित्त कार्य में झारखंड नवनिर्माण युवा सेना के संस्थापक सी.के.पाण्डेय ने कहा समाज की मदद करना हम सभी बुद्धिजीवी लोगो की जिम्मेदारी है समाज के अंतिम व्यक्ति तक हमारी ओर से सेवा हो यही इच्छा है मौके पर पंचायत बेलकप्पी उपमुखिया सुरेश कुमार पाण्डेय, समाजसेवी मुकेश कुमार तिवारी, शिक्षक अनुज कुमार पाण्डेय, समाजसेवी असमत अली, राजकीय बुनियादी विधालय बेलकप्पी प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतोष कुमार पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय, पंकज पाण्डेय,शंकर यादव, दिलीप राम, दीपक पाण्डेय, दशरथ राम,कौशर अंसारी, मुमताज अंसारी शामिल थे।

## ओमिक्रोन वैरिएंट को देखते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा, झारखंड ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर



हेल्पलाइन न0 जारी करते BJYM के सदस्य

**अपेम लाइव : रॉची**



ऋतिक राज

भारतीय जनता युवा मोर्चा एंव भाजपा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष के देख रेख में पार्टी की ओर से झारखंड प्रदेश हेतु कोविड हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। #BJYMCARES के तहत प्रदेश भर में लोगों को सु. विधा दी जाऐगी। हर जिले के लिए अलग अलग नंबर जारी कर लोगों को सहायता देने की पूरी प्रयास की जाऐगी। ओक्सिजन, दवाईयां, ब्लड इत्यादि जैसे सहायता के लिए फोन कर सकते है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा पूरे प्रदेश में सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। किसी भी सहायता के लिए फोन कर बात कर सकते हैं। भाजपा के कार्यकर्ता प्रदेश के जनता के सेवा में हमेशा सदेव तैयार है।

**BJYM JHARKHAND**

BJYM

COVID19 HELP LINE NUMBER FOR JHARKHAND STATE

**#BJYMCARES**

| Sl.No. | DISTRICT | CONTACT PERSON | CONTACT PERSON |
|---|---|---|---|
| 1 | DHANBAD MAHANAGAR | 8789511275 | 7991152836 |
| 2 | DHANBAD GRAMIN | 6299238406 | 7903215005 |
| 3 | BOKARO | 8797451208 | 7979842866 |
| 4 | GIRIDIH | 9113725399 | 7991149832 |
| 5 | HAZARIBAG | 9430121536 | 7979812577 |
| 6 | KODERMA | 7004725715 | 9973467317 |
| 7 | RAMGARH | 9471316477 | 9709759513 |
| 8 | RANCHI MAHANAGAR | 9334947541 | 6203772943 |
| 9 | RANCHI GRAMIN | 9430392550 | 7631022555 |
| 10 | KHUNTI | 9572670938 | 7992326759 |
| 11 | GUMLA | 7004738920 | 9931076094 |
| 12 | LOHARDAGGA | 9122388122 | 7488648447 |
| 13 | SIMDEGA | 7903960681 | 6202485874 |
| 14 | PALAMU | 8340204041 | 7762896467 |
| 15 | LATEHAAR | 9835689650 | 6201040885 |
| 16 | GARDHWA | 8340159653 | 6202323720 |
| 17 | CHATRA | 9304912478 | 9065647444 |
| 18 | JAMSEDPUR MAHANAGAR | 8210569196 | 8603291819 |
| 19 | SARAIKELA KHARSANVA | 9308449225 | 9304806905 |
| 20 | PASCHIMI SINGHBHUM | 9608202892 | 8210355235 |
| 21 | PURVI SINGHBHUM | 7004511593 | 8340702433 |
| 22 | DEOGHAR | 8789698428 | 9199835777 |
| 23 | JAMTARA | 8603148525 | 7870562936 |
| 24 | DUMKA | 8825168336 | 8825168336 |
| 25 | GODDA | 6203848787 | 8709258487 |
| 26 | PAKUR | 9572882930 | 7488118874 |
| 27 | SAHEBGANJ | 7004788605 | 8434371769 |

## पूर्व विधायक की पत्नी कामरेड शाँति सिंह की निधन पर माले ने मनाई शोक दिवस

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**




चलकुशा : माले प्रखंड कमेटी चल. कुशा ने पूर्व विधायक कामरेड महेंद्र सिंह की पत्नी वर्तमान विधायक कॉमरेड विनोद सिंह की मां शांति सिंह की शोक दिवस 2 मिनट का मौन धारण एवं उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया। ज्ञात हो कि कामरेड शांति सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे उनका इलाज जनरल हॉस्पिटल बोकारो में चल रहा था इस कार्यक्रम में प्रखंड कमेटी के अशोक चौधरी देव, प्रकाश पांडे ,इनामुल अंसारी ,नईम अंसारी ,सुखदेव सिंह ने कहा कि 16 जनवरी के ही दिन कामरेड महेंद्र सिंह की हत्या गोली मारकर कर दिया गया था। आज ही के दिन शहीद कामरेड महेंद्र सिंह की पत्नी एवं वर्तमान विधायक विनोद कुमार सिंह की मां कामरेड शांति सिंह की निधन हो गया। इस मौके पर देव प्रकाश पांडे, मुन्ना राजा, इनामुल अंसारी, हिदायत अंसारी, नईम अंसारी, सुखदेव सिंह ,रजाक अंसारी ,अशोक चौधरी ,सावित्री देवी, मुस्लिम अंसारी ,बालेश्वर यादव ,समेत अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## 11 हजार बिजली तार के चपेट में आने से महिला की मौत

## मृतक के परिजनों को मिले मुआवजा : जानकी यादव

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**





चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत ग्राम रागडीह पंचायत सेवाटांड निवासी लाडो देवी पति क्रमचंद्र महतो की मौत 11 हजार बिजली तार के चपेट में आने से हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि लाडो देवी सुबह जानवर को लेकर जंगल की ओर जा रही थी। इसी दौरान गलेक्सी पब्लिक स्कूल के निकट 11 हजार बिजली तार टूट कर जमीन पर गिरा हुआ था ।महिला उसे देख नहीं पाई और तार के चपेट में आ गई। जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी चलकुशा थाना प्रभारी को हुई जिसके बाद शव को अपने में कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। बरकठ्ठा पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव प्रधान प्रतिनिधि दशरथ यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल को मिला सभी लोगों ने मृतक के घर पहुंच कर परिवार वालों को ढांढस बंधाया पूर्व विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से बात कर उचित मुआवजा दिलाने की बात की एवं बिजली तार खंभे को दुरुस्त करने को कहा यदि बिजली विभाग के द्वारा दुरुस्त नहीं किया गया तो चलकुशा की जनता मिलकर जीटी रोड एवं रेल को जाम कर बिजली विभाग को दुरुस्त करने का काम करेंगे। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजकुमार नायक, बाबू लाल यादव, बिंदेश्वर यादव , अब्दुल कुदुश, खलील अंसारी शहजाद अंसारी एवं सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

----------------------------------------

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग


**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत, शुभ दीपावली



रामदेव साव | सुभाष पासवान | मंटु सिंह



कुनाल कतरियार | बिनोद कुमार | टुन्नू केशरी


### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना



## सीएम हेमंत सोरेन के पिता और JMM अध्यक्ष शिबू सोरेन हुए कोरोना पॉजिटिव आवास पर 6 अन्य भी मिले संक्रमित

**अपेम लाइव : हज़ारीबाग़**
**अमरजीत सिंह**



झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के पिता और JMM अध्यक्ष शिबू सोरेन कोरोना संक्रमित हो गए हैं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इसकी पुष्टि की है मंत्री ने ट्वीट कर बताया कि वे फिलहाल होम आइसोलेटेड है और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं वहीं उनके आवास पर रहने वाले 6 अन्य लोग भी संक्रमित पाए गए हैं दरअसल तबीयत बिगड़ने पर 14 जनवरी को शिबू सोरेन का मुख्यमंत्री आवास पर सैंपल लिया गया था जिसकी रिपोर्ट प०जिटिव आई बता दें इससे पहले भी साल 2020 में शिबू सोरेन कोरोना संक्रमित हो गए थे

## प्रखंड में आर्य कर्ण निधि कंपनी द्वारा अब तक 2000 कंबल का वितरण किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कंबल वितरण करते थाना प्रभारी मणिलाल सिंह एवं सीएमडी रंजीत कुमार मेहता

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिंदवारी गाँव में आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के द्वारा गरीब वृद्ध महिला पुरुष जरूरतमंद लोगों के बीच में मुख्य अतिथि डाड़ी कला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह एवं आर्यकर्ण निधि लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार मेहता के हाथों 250 कंबल का वितरण किया गया । अब तक कंपनी के द्वारा एक माह में प्रखंड के अलग-अलग पंचायतों में लगभग 2000 कंबल का वितरण किया जा चुका है।थाना प्रभारी मणिलाल सिंह ने कहा कि आर्य कर निधि के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच की जा रही कंबल वितरण सराहनीय है यह काफी पुण्य का कार्य है। वही सीएमडी रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि सीएसआर के तहत के जरूरतमंद लोगों के बीच आर्य कर्ण निधि सलाना आमदनी का 10ः खर्च करेगी । ठंड को देखते हुए फिलहाल जरूरतमंद लगभग 2000 लोगों के बीच कंबल वितरण किया जा चुका है। समाजसेवी एवं जुगरा निवासी कृष्णा राम ने कहा कि आर्य कर्ण निधि द्वारा कंबल का वितरण करना सही मायनों में गरीबों के लिए एक बेहतर कार्य है । मौके पर उपस्थित लोगों में खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गोविंद महतो , सरोज सोनी, विनोद सिन्हा, कृष्णा राम, विकास कुमार रवि , िचंतामणि साव, चो. हान साव, रामेश्वर चौरसिया, धर्मनाथ महतो, पवन महतो, सज्जाद राही, गोविंद महतो,प्रमोद कुमार दास,के अलावा गाँव के कई प्रबुध लोग उपस्थित थे।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय अंगों में 121 बच्चों की कोरोना जाँच कर कोविड वैक्सीन लगा

### वैक्सीनेशन को लेकर बच्चों में दिखी उत्साहं

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




वैक्सीनेशन के दौरान उपस्थित लोग

उत्क्रमित उच्च विद्यालय अंगों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव के द्वारा 15 से 18 वर्ष की उम्र के कुल 121 बच्चों को कोविड-19 वैक्सीन लगवाया गया। साथ ही कोविड-19 की भी जांच की गई। जिसमें बच्चे वैक्सीनेशन के दौरान काफी उत्साहित नजर आए। वहीं मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों को मास्क लगाने को प्रेरित किया। मौके पर उप. स्थित स्वास्थ्य कर्मियों में ब्रजेश कुमार, बसंत कुमार, मंजू कुमारी, गुड़िया कुमारी, संतोष कुमार, मोहम्मद साथी व स्वास्थ्य कर्मी सहीम एवं कई सहिया उपस्थित थे।

## कस्बे के शहीद निर्मल महतो पार्क में जेजेए की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : हज़ारीबाग़**
**अमरजीत सिंह**




हजारीबाग झारखंड जर्न. लिस्ट्स एसोसिएशन जेजेए हजारीबाग जिला इकाई के तत्वाधान में हजारीबाग निर्मल महतो पार्क में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई इस बैठक का उद्देश पत्रकारों के उत्थान पर था जिसमे हजारीबाग शहर के विभिन्न प्रखंडों से पत्रकार एकजुट हुए और बैठक का हिस्सा बने ।

APEM LIVE

## जीसस सचिव नकुल महतो के द्वारा 85 जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कंबल वितरण करते नकुल महतो एवं अन्य

प्रखंड में शीतलहरी व कपकपी ठंड को देखते हुए जीसस मिशनरी सोसाइटी अ०फ कर्णपुरा संस्था के सचिव नकुल महतो की ओर से बड़कागांव पश्चिमी पंचायत अंतर्गत महटीकरा पटेल ग्राउंड में कोविड-19 का गाइडलाइन का पालन करते हुए जरुरतमंद 85 वृद्ध महिला पुरुष लोगों के बीच कंबल एवं मास्क का वितरण किया गया । कंबल पाकर जरुरतमंद लोग काफी खुश नजर आए। इसके पहले नकुल महतो ने संस्था की ओर से लंगातू गांव में 65 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया था ।अब तक कुल 150 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा चुका है ।नकुल महतो ने बुजुर्ग महिला पुरुष को सलाह देते हुए कहा कि ठंड से बचें और अगर और लोगों को कंबल कि आवश्यकता पड़े तो मैं कंबल उपलब्ध कराऊंगा। मोके पर मुख्य रूप से कोलेश्वर महतो, प्रीतम महतो, योगेंद्र महतो, मुकेश कुमार पटेल, पवन कुमार, राहुल कुमार ,लोकेश कुमार, इमाम साहब इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## गावां में भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने मनाया कॉमरेड महेंद्र सिंह के शहादत दिवस

**अपेम लाइव**
**गावां / गरिडीह**
**मुजाहिद अली**




गांवां प्रखंड के हटिया मैदान, बिष्णुटिकर के हाई स्कूल मैदान में रविवार को शहीद क०मरेड महेंद्र सिंह के 17 वां शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही 15 जनवरी की रात लगभग 2रू00 बजे यानी 16 जनवरी क०मरेड महेंद्र सिंह की पत्नी का भी निधन हो गया इसलिए दोनों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ साथ उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव एवं माले नेता नागेश्वर यादव उपस्थित थे। संकल्प सभा का आयोजन करते हुए लोगों से कॉमरेड महेंद्र सिंह के सिखाएं हुए हुए कदमों पर चलने की बात की गई। महेंद्र सिंह यानी एक आजाद शख्सियत, एक आजाद विचारधारा, किसानों मजदूरों शोषित के हमदर्द के रूप में झारखंड बिहार में जाने जाते थे।16 जनवरी के दिन हत्यारों ने सरिया थाना के दुर्गी घवैईया में चुनावी जन. संपर्क के दौरान अपराधियों ने पूछा कि महेंद्र सिंह कौन है तो उन्होंने मौत को सामने खड़ा देखकर उनसे आंख मिलाते हुए आगे आए और कहा कि मैं हूं महेंद्र सिंह और उसके बाद उन्हें शहीद कर दिया गया। मौके पर भाकपा माले के हज़ारों कार्यकर्ता एवं महिला- पुरुष मौजूद थे।

## मांसडीह में भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने मनाया कॉमरेड महेंद्र सिंह के शहादत दिवस

**अपेम लाइव : धनवार**
**रौशन अली**



धनवार प्रखण्ड के अंतर्गत मांसडीह चौक पर शहिद कॉमरेड महेंद्र सिंह के 17 वाँ शहादत दिवस मनाया गया साथ ही 15 जनवरी की रात लगभग 2रू00 बजे यानी कि 16 जनवरी कॉमरेड महेंद्र सिंह की पत्नी का भी निधन हो गया इसलिए दोनों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्ण विधायक राज कुमार यादव एवं जिला परिषद जयन्ती चौधरी इनौस राज्य अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, परसन पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रामदेव यादव , मुकेश यादव, महेंद्र यादव, सहदेव यादव, संतोष यादव, एवं प्रखड के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## समाजसेवी नेता अंसारी भाई ने कोविड–19 का चलाया जागरूकता अभियान और खराब चापाकल का करवाया मरम्मत

**अपेम लाइव : धनवार**
**रौशन अली**



धनवार प्रखंड के अंतर्गत सिरामडीह पंचायत गाँव , मोहल्ला जीतकुंडी में को. विड–19 के बारे में लोगों को सतर्क रहने का सुझाव दिया एवं लोगों को 2 गज दूरी माक्स है जरूरी का भी सलाह दिया और उन्होंने कहा कि हम भरपूर मदद करने का काम करेंगे और लोगों का खास करके पानी का काफी समस्या था जिसको लेकर समाजसेवी नेता अंसारी भाई के द्वारा चापाकल को भी मरम्मत करवाया गया उन्होंने कहा कि आप सभी का आशीर्वाद हमारे ऊपर रहेगा और हम आने वाले दिन आने वाले भविष्य में जब सिरामडीह पंचायत के ग्रामीणों द्वारा मुखिया बनाएंगे तो और भी सिरामडीह पंचायत में विकास करने का काम करेंगे समाजसेवी नेता अंसारी भाई के साथ उप. स्थित रहे मौलान अजमत, कौशार अंसारी , संतोष कुमार, तौफिक अंसारी, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, अन्य लोग उपस्थित थे

## चूड़ा दही खाने से एक ही परिवार के 11 सदस्य बीमार, दो रेफर

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर कुमार**

चौपारण ब्रह्मोरिया पंचायत के सोनपुरा गांव में मकर संक्रांति के दिन एक ही परिवार के 11 लोग बीमार पड़ गए जिसमें दो को हज़ारीबाग़ रेफर करना पड़ा। जहाँ दोनों की हालत में सुधार है। इस सम्बंध में सोनपुरा की सहायक शिक्षिका द्वारा बताया गया कि शुक्रवार शाम गांव के ही मोहन यादव को लूज मोशन होने लगा। जिसके बाद सुबह होते होते घर के सभी सदस्यों को लूज मोशन और वोमेटिंग होने लगी। सभी को प्राथमिक उपचार के लिए चौपारण सामुदायिक अस्पताल लाया गया। प्रभारी डॉ भुनेश्वर गोप के द्वारा इलाज के बाद एक युवक को हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया। इस सम्बंध में पूछे जाने पर प्रभारी चिकित्सक डॉ गोप ने बताया कि फूड पॉइजनिंग की शिकायत थी। जानक. ारी के मुताबिक सबने जो दही खाया था उसका रंग देखने में अलग लग रहा था। शायद दही में ही कुछ समस्या होगी। फूड पॉइज. निंग से केदार यादव ,मोहन यादव उनकी पत्नी शिला देवी, इनकी गोतनी सुनीता देवी, पुत्री प्रीति कुमारी, प्रिया कुमारी , नेहा कुमारी, मधु कुमारी ,पुत्र मनीष कुमार, शिवम कुमार, पंकज कुमार बीमार हो गए थे। इलाज के बाद सभी के स्वास्थय में सुधार है ।

## मुम्बई कमाने गए चौपारण के एक युवक का सड़क हादसे में मौत

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर कुमार**



चौपारण प्रखण्ड के महूदी एक युवक की मौत मुम्बई के एक सड़क हादसे में हो गई। युवक की पहचान ग्राम महूदी के रामेश्वर दांगी के पुत्र सुधीर दांगी के रूप में हुई । सुधीर मुम्बई में रहकर ऑटो चलाकर अपने परिजनों का गुजर बसर कर रहे थे। शनिवार को एक डम्फर रेती लोड करके जा रहा था अचानक अयंत्रित हो कर के डंफर पलट गया, ऑटो चालक जब डम्फर को पलटते देखा तो अपनी जान बचाने के लिए भागने की कोशिश की। और ऑटो से बाहर निकला भी पर पूरा रेती ऑटो चालक के ऊपर ही गिर गया। ऑटो चालक के ऊपर गिरने से रेती के अंदर ही सुधीर दब गया और घटना में मौत हो गई। मौके पर घटनास्थल पर मुम्बई पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कूपर हॉस्पिटल वही घटना के बाद डंफर चालक फरार हो गया। घटना शनिवार की रात लगभग 12 बजे की बताई जाती है।

## 70 घण्टे के बाद गाँव पहुँचा अजय की शव परिजनों ने श्रम मंत्री एवं सांसद का जताया आभार

### अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़,गाँव के श्मशान में हुआ अंतिम संस्कार

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



पीतिज गांव के अजय साहू पिता स्वर्गीय लोकन साहू की मृत्यु गुरुवार को दो बजे दिल्ली के एक विनायक ऑक्सीजन प्लांट में हो गया था। मृत्यु के बाद तुरन्त दूसरे दिन शव आने की बात थी लेकिन दिल्ली के जिस ह०स्पिटल में शव था उस थाना के प्रभारी ने मृतक के पत्नी को ही शव सौपने की बात पर अड़ गया लेकिन जब इसकी जानकारी मृतक के परिजन और मीडिया से जब जानकारी श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता और सासंद को पत्ता चला तो दीनदयाल ह०स्पिटल तथा मायापुरी एस पी से बात करने के बाद शव को शनिवार को सौंपा।जिसके बाद रविवार की नौ बजे शव गांव पहुंचा।शव गांव पहुंचते ही पूरा गाँव का माहौल गमगीन हो गया।शव पहुंचते ही परिजनों की चीत्कार से उपस्थित सभी लोगो की आंखों से आंसू छलक पड़ा।अर्थात अजय की शव की इंतजार 70 घण्टे से किया जा रहा था।और रविवार को 70 घण्टे के बाद गांव आया।जिसके बात परिजनों ने मंत्री भोक्ता जी एवं सांसद सुनील सिंह का आभार ब्यक्त किए हैं।

## कुएं में मिला अज्ञात व्यक्ति का तैरता हुआ शव

**अपेम लाइव :**
**बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**





बिरनी प्रखंड के गादी पंचायत अंतर्गत पडवाडीह गांव में ही एक कुएं में तैरता हुआ शव मिला। जिसकी पहचान तत्काल नहीं किया जा सका है। ग्रामीणों में तरह–तरह की चर्चाएं की जा रही थी। घटना की जानकारी बिरनी पुलिस को दिया गया। वहीं थाना प्रभारी शर्मानंद सिंह ने कहा कि पेशम पंचायत के चौ. कीदार और मुखिया टुपलाल प्रसाद वर्मा द्वारा मुझे सूचना मिली थी तत्काल गशती दल को भेजा गया।वही गशती दल विपिन कुमार घटनास्थल पर पहुँचकर और ग्रामीणों के सहयोग से कुएं में तैरता हुआ शव को निकाला गया। इसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरीडीह भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने आने और जांच के माध्यम से पता चलेगा यह व्यक्ति कौन है और कहां से आया था। अज्ञात शव के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला। शव के पास 10 रुपये का एक नोट मिला।

## बिरनी में कॉमरेड महेंद्र सिंह की शहादत दिवस पर जननायक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**अपेम लाइव :**
**बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



रविवार को 16 जनवरी को झारखंड के जननायक कॉमरेड महेंद्र सिंह की 18 वीं बरसी पर बिरनी प्रखंड मुख्यालय के समीप माले पार्टी कार्यलय में माले कार्यकर्ताओ द्वारा पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह रामु बैठा राजेश विश्कर्मा विसनुदेव वर्मा के नेतृत्व में आज कोविड गाइडलाईन को पालन करते हुवे कार्यक्रम की शुरुआत किया गया क०मरेड महेंद्र सिंह की सहादत दिवस के उपलक्ष्य पर बिरनी में संकल्प सभा का आयोजन कर जननायक क०मरेड महेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथ ही 15 जनवरी की रात लगभग 2 बजे (यानी 16 जनवरी को) क०मरेड महेंद्र सिंह की पत्नी का भी निधन हो गया इसकी सूचना मिली उनदोनो का श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ साथ उनके आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मोन भी रखा गया इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कॉमरेड महेंद्र सिंह झारखंड में गरीब गुरबा दलित पिछड़ों तथा किसान मजदूरों की आवाज थे उनकी हत्या करके संप्रदायिक ताकतों ने झारखंड से बदलाव की ताकत को कमजोर करने की कोशिश की जिसे झारखंड की जनता ने असफल कर दिया इस अवसर पर सैकड़ो कार्यकर्ता ने उपस्थित होकर इस अवसर पर कहां घुस गई कामरेड महेंद्र सिंह अमर रहे कॉमरेड महेंद्र सिंह तुम जिंदा हो खेतों में खलिहान में जनता के अरमानों में नारे लगाते हुवे कार्यक्रम की समाप्ति की इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में माले करकार्यता उपस्थित रहे।

**पेशम में भी शहादत दिवस मनाया गया।**

बिरनी प्रखंड अंर्तगत पेशम के बस स्टैंड मैदान में जननायक शहीद महेन्द्र सिंह का शहादत दिवस मनाया जाता। जिसमें जिला परिषद स्तर से इस बार कार्यक्रम किया गया। जिसमें शहादत महेंद्र सिंह के चित्र पर माल्यर्पण करते हुवे कार्यक्रम को शुरू किया गया। जिसमें उप. स्थित माले नेता मुस्. तकीम अन्सारी, विक्रम आनंद र०य, अली असगर, इरफान अन्सारी हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे है। जिसमें पूर्व विधायक शहादत मेहन्द्र सिंह की धर्म पत्नी का 16 जनवरी के सुबह 2 बजे बोकारो निजी अस्पताल में निधन हो गई। जिसके लिए एक मिनट का मौन धारण किया गया।

APEM
LIVE

दिनांक: 16-01-2022
सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर
पेज संः 08

## मृतक परिवार को दिया आर्थिक मदद

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के भरकट्टा मंडल अंतर्गत जमडीहा गाँव में संतोष मुर्मू पिता कार्तिक मुर्मू विगत कुछ दिन पहले मोटरसाइकिल से जख्मी हो गये जिसका इलाज रांची में ब्रेन का ऑपरेशन होने के बाद भी वे इस दुनिया में नही रहे।पूरा गांव शौक की लहर था सूचना मिलने के बाद सांसद प्रतिनिधि महेंद्र यादव एवं प्रेमचंद कुशवाह जी उनका घर पर शोक. ।कुल परिवार से मिल कर शोक संवेदना व्यक्त किया एवं सांत्वना दिये।पूरा परिवार के साथ इस दुःख की घड़ी में भाजपा के नेता इस परिवार के साथ है। और इस मौके आर्थिक मदत भी दिए। उक्त मौके पर ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामु यादवजी, मीडिया प्रभारी रंजीत राय,युवा मोर्चा महामंत्री भरकट्टा प्रवीण प्रभाकर, माँझी तुरी, रामधनी प्रसाद बर्मा, शमनोज यादव, राज कुमार बर्मा, तिलक बर्मा, भुना सिंह एवं दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं उस गाँव के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## महेंद्र सिंह के शहादत दिवस पर मनाया संकल्प दिवस, लिया गया जन संघर्ष तेज करने का संकल्प

### महेंद्र सिंह की पत्नी शांति देवी को भी दी गई श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : गिरिडीह चन्दन पाण्डेय**

जन नेता शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह के 18 वें शहादत दिवस को बेंगाबाद में, पार्टी के घोषित कार्यक्रम के अनुसार आज संकल्प दिवस मनाते हुए कार्यकर्ताओं की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा मौजूदा दौर में जनता के हक-अधिकारों को लेकर जन संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया। यहां अपने संबोधन में पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य राजेश यादव ने कहा कि महेंद्र सिंह का जीवन संघर्ष तमाम संघर्षशील ताकतों के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। मौजूदा दौर में जबकि किसान मजदूरों के हक-अधिकारों को सरकार खुलेआम कुचलने के लिए तत्पर है, तो हमें महेंद्र सिंह के रास्ते आगे बढ़कर इसका प्रतिकार और अपने अधिकारों की लड़ाई तेज करने की जरूरत है। आज ही महेंद्र सिंह की पत्नी एवं बगोदर विधायक की माता, शांति देवी का भी निधन होने हो जाने पर उन्हें भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा गया कि, महेंद्र सिंह के साथ-साथ उनके सहयोग और संघर्ष में सहभागिता को भी याद किया जाएगा। महेंद्र सिंह की शहादत के दिन ही शांति देवी का भी निधन हो जाने से हम सबों के लिए आज का दिन और भी महत्वपूर्ण हो गया है। बेंगाबाद के कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड सचिव शिवनंदन यादव, राजेंद्र मंडल, रामलाल मंडल, फोदार सिंह, शभू ठाकुर, महेंद्र साव, रामलाल मुर्मू, सुखदेव गोस्वामी, समाजसेवी एवं मुखिया प्रतिनिधि हरी यादव, सुनील राय, राजू यादव, नागेश्वर मंडल, महेश वर्मा, कमरुद्दीन अंसारी, टिपन सिंह, खलील अंसारी, पांचू भोगता, शिबू राम, लक्ष्मण रजक, कुमार सिंह, मंजू देवी, मोसेमात झकसी, सुनीता देवी, उमा मोसेमात, सुमा देवी, कालो देवी, तुलसी देवी, सोनामुनी देवी, मुन्नी देवी, ओरनी देवी, सोना देवी, मोसेमत सबिया देवी, रानी देवी, बहामुनी देवी, सतोमती देवी, देवकी देवी, जयनारायण सिंह, भुदाली पंडित, इतवारी महतो, सहदेव तुरी, मनोज यादव, सुरेश तुरी, अशोक तुरी समेत अन्य मौजूद थे।

## दक्षिण अफ्रीका के माली में फंसे झारखंड के 33 मजदूर, मदद की गुहार

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़ मिथिलेश गोल्डी**



दक्षिण अफ्रीका में फंसे झारखंड के मजदूर

झारखंड से दक्षिण अफ्रीका के माली काम करने गए 33 ट्रांसमिशन मजदूर फंस गए है। इनमें अधिकांश मजदूर हजारीबाग और गिरिडीह जिले के हैं। सभी मजदूरों ने दक्षिण अफ्रीका के माली से सोशल मीडिया के जरिए अपनी वतन वापसी की गुहार लगाई है। मजदूरों ने विडियो जारी कर भारत सरकार व झारखंड सरकार से वतन वापसी कराने की मांग की है। फंसने वाले मजदूरों में विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के रूपलाल महतो, सुकर महतो, संदीप कुमार महतो, तिलक महतो, नंदलाल महतो, लालमणी महतो, इंद्रदेव ठाकुर, सुरेश महतो, सुनील महतो, जीवाधन महतो, छेदीलाल महतो, अरविंद महतो, मोहन महतो, त्रिलोकी महतो, टिकेश्वर महतो, हेमलाल महतो, भेखलाल महतो समेत जिले के चुरचू, तथा बरकट्ठा प्रखंड के मजदूर हैं। इसके अलावा गिरिडीह जिला के बगोदर, डुमरी तथा सरिया प्रखंड के भी कई मजदूर शामिल हैं। मजदूरों ने वीडियो संदेश में कहा है कि कंपनी के ब्रोकर उन्हें कल्पतरू पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड में काम का झांसा देकर दक्षिण अफ्रीका भेज दिए। इधर काम करने के बावजूद बीते तीन महीने का वेतन नहीं मिलने से दाने-दाने के लिए मोहताज हो गए हैं। जब काम के बाद तय से कम वेतन मिला तो मजदूर ठगे से महसूस कर रहे हैं। इधर, ब्रोकर भी भारत लौट गया है। फोन पर बात करने पर तरह-तरह की धमकी दी जा रही है। सभी मजदूर एक कमरे में रह रहे हैं। प्रवासी मजदूरसेवी सिकन्दर अली ने कहा कि पूर्व में भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं। जिसमें दलाल द्वारा मजदूरों को ज्यादा रुपए कमाने का लालच देकर विदेश भेज देते हैं और वे झांसे में आकर फंस जाते हैं। ऐसे में सरकार को इस पर ठोस कदम उठाने की जरूरत हैं।

## सरकार लालजी यादव की मौत की जांच सीबीआई से कराए : विनोद यादव

**अपेम लाइव : बड़कागांव अमित मालाकार**



विनोद यादव

हजारीबाग यादव समाज युवा जिला अध्यक्ष बड़कागांव प्रखंड के चंदौल ग्राम निवासी विनोद यादव ने निलंबित थाना प्रभारी लालजी यादव की आत्महत्या मामले को लेकर सरकार से सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। विनोद यादव ने कहा कि सीबीआई से निष्पक्ष जांच हो ताकि कसूरवार अफसर के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जा सके। मांग करने वालों में मुख्य रूप से राष्ट्रीय यादव सेना के जिलाध्यक्ष विजय यादव , प्रखंड राष्ट्रीय यादव सेना उपाध्याय राजेश कुमार यादव, यादव युवा अखिल भारतीय समाज के अध्यक्ष वासुदेव यादव, सचिव मनोज यादव , विकास समिति के अध्यक्ष चुरामन गोप, नोवलेश यादव ,अवध यादव ,उपेंद्र यादव ,राज. कुमार यादव, कुलदीप यादव, महेंद्र यादव ,सागर यादव ,धनु गोप ,यशवंत यादव, अनुज यादव सैकड़ो यादवो ने मांग की है।

## पूर्व विधायक महेन्द्र प्रसाद सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़ मिथिलेश गोल्डी**



बस स्टैंड में स्थापित महेन्द्र सिंह की आदमकद प्रतिमा

बगोदर के शहीद विधायक महेंद्र सिंह की 17वां शहादत दिवस रविवार को मनाया गया। इस मौके पर खंभरा के हाई स्कूल मैदान में संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य मौजूद थे। इस मौके पर जनसंघर्ष के रास्ते फांसीवादी शक्तियों को मात देने का संकल्प लिया गया। शहादत दिवस कार्यक्रम की शुरुआत बगोदर स्थित पार्टी अ०फिस से हुई। यहां स्थापित शहीद महेंद्र सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, विधायक विनोद कुमार सिंह, निरसा के पूर्व विधायक अरुप चटर्जी, भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त समेत बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात बगोदर बस स्टैंड में महेंद्र सिंह की नवस्थापित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रतिमा का अनावरण किया गया। इसके बाद उनके पैतृक गांव खंभरा में स्थित उनकी प्रतिमा पर भी श्रद्धांजलि दी गई। संकल्प सभा के दौरान शहीदों की याद में दो मिनट का लोगों ने मौन रखा। इधर, बस स्टैंड परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। वहीं प्रशासन द्वारा ड्रोन कैमरे में कार्यक्रम को कैद किया जा रहा था। मुख्य अतिथि भाकपा माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि 2014 में जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तब से देश में तबाही शुरू हो गई है। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग इस तबाही से निकलने को आतूर हैं। देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहें हैं। उन राज्यों के लोगों में भाजपा से मुक्ति के लिए छटपटाहट दिख रही है। कहा कि भाजपा डर का माहौल बनाकर देश चलाना चाहती है। मंच संचालन धीरन सिंह ने किया।

